CATS APPROVED

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर वन प्रभाग, रामनगर (नैनीताल)

dfo_ramnagar@rediffmail.com दूरभाष / फैक्स नं0 05947–251362

पत्रांकः– 2757 / 12-1 दिनांक, रामनगर 5/5/.2022

सेवा में,

सहायक महाप्रबंधक (ट्रांस) हल्द्वानी,
भारत संचार निगम लिमिटेड,
जिला–नैनीताल

विषयः– भारत सरकार की भारत–नेट / नोफन परियोजना के अन्तर्गत जनपद–नैनीताल में रामनगर वन प्रभाग के अन्तर्गत ग्राम टेढ़ा से कोसी बैराज तथा कोसी बैराज से बलगढ़ फॉरेस्ट चैक पोस्ट तथा बेलगढ़ फॉरेस्ट चैक पोस्ट से क्यारी ग्राम पंचायत भवन तक सड़क के किनारे–किनारे ऑप्टिकल फाइबर केबल डालने हेतु वन भूमि हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।

संदर्भः– उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या 419 / X–3–22 / 2(21) / 2022 दिनांक 27.04.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि सचिव, उत्तराखण्ड शासन के स्तर से जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त शर्तानुसार उक्त निर्माण कार्य के लिये रिक्त पड़े स्थानों पर 100 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं उसमें 10 वर्षों के रखरखाव पर व्यय की देय राशि आपके द्वारा वन विभाग के पक्ष में जमा की जानी है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रम सं0 | कार्य का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टैयर में) | दर प्रति वृक्ष | देय धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रिक्त पड़े स्थानों पर 100 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं उसमें 10 वर्षों के रखरखाव पर व्यय | 0.2766 | 1610.00 | 161000.00 |

सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त सं0 04 के अनुसार रू0 1,61,000.00 (रू0 एक लाख इकसठ हजार) मात्र रू0 का चालान जनरेट कर देय धनराशि को क्षतिपूरक वृक्षारोपण कोष प्रबन्धन में जमा कराने का कष्ट करें।

अतः सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त समस्त शर्त की अनुपालन आख्या अपने स्तर से 04 प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रकरण में विधिवत् स्वीकृति हेतु लिखा जा सकें।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर

पत्रांकः– / तददिनांकित।

प्रतिलिपि :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड हल्द्वानी को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर